खास-खबरें

5 साइबर सुरक्षा महिला अपराध आदि के संबंध में जन चेतना शिविर

गंजबासौदा। नगर से 9 किलोमीटर दूर ग्राम गमाखर श्री राम मंदिर पर उपस्थित श्रद्धालु जनो दुकानदार एवं जनसाधारण जनप्रतिनिधियों को साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक कार्यक्रम किया गया । पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना बासौदा देहात निरीक्षक आशुतोष सिंह एवं थाने का अन्य स्टाफ द्वारा साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान आमजनों को साइबर सुरक्षा संबंधी बिंदु बार वर्तमान में किस तरीके के फ्रॉड चल रहे हैं उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें सभी का सहयोग रहा एवं अधिक से अधिक लोगों तक एवं परिवार के सदस्यों एवं सामाजिक तौर पर प्रत्येक व्यक्ति तक जागरूकता अभियान की जानकारी पहुंच सके जिससे लोगों के साथ साइबर अपराध घटित ना हो सके साइबर फ्रॉड के बचाव एवं साइबर फ्रॉड हो जाने पर किस प्रकार पोर्टल एवं 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं नागरिक दुकानदार भी शामिल रहे । जिन्होंने अपने सवाल भी पूछे जिनके जवाब दिए गए ।

शासकीय कार्यालयो में सोलर एनर्जी व रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाएंःकलेक्टर

विदिशा (निप्र)। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बैठक में सभी विभागो के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्यालय-भवनों में सोलर एनर्जी व रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाएं। शासकीय भवनो में संचालित कार्यालयों की छतो पर अक्षय ऊर्जा (सोलर एनर्जी) की प्लेटो को कुसुम योजना के अंतर्गत लगाने के कार्य के साथ वर्षा जल अधिक से अधिक भूमिगत करने के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी स्थापित किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिन शासकीय कार्यालयो में ट्यूबबेल से पानी लिया जा रहा है, उन ट्यूबबेलो को रिचार्ज करने की प्रक्रिया क्रियान्वित की जाए, ताकि ड्राय होने की अवधि में कमी हो और जलापूर्ति की अवधि बढे।

मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक से संबल योजना की अनुगृह राशि अंतरित करेंगे आज

विदिशा (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना की अनुगृह सहायता राशि आज बुधवार अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित करेंगे। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि विदिशा जिले के 600 हितग्राहियों को 13.55 करोड़ डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित होगी।

आज धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

सीहोर।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किए गए है।

बुधवार को सुबह शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में भगवान श्री परशुराम की पूजन और महा आरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं चार मई रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष मनीष शर्मा, युवा अध्यक्ष रजत व्यास सहित बड़ी संख्या में विप्रजनों शहर के अन्य स्थानों पर घर-घर पहुंचकर ब्राह्मणजनों को पांच दिवसीय महोत्सव को लेकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर विप्रजनों ने भगवान परशुराम के नारे भी लगाए। अब तक करीब 25 सौ से अधिक आमंत्रण कार्ड वितरित किए जा रहे है। इस वर्ष ब्राह्मण समाज के द्वारा आगामी दिनों में महोत्सव के अंतर्गत ब्राह्मण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर बुधवार को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी, इसके पश्चात महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा महिला मंडल के ओर से कलश पूजन, थाली सजावट सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी 4 मई को शाम चार बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। जो शहर के खजांची लाइन सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रात 8 बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के ओर से सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए लाल रंग की साड़ी रहेगी। अपील करने वालों में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पंडित सुदीप व्यास, महिला संगठन अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष मनीष शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष महेश दुबे, संयोजक चंद्रकिशोर शर्मा, विनय भटेले, युवा संगठन अध्यक्ष रजत व्यास, महामंत्री रमांकान्त समाधिया, महिला संगठन चल समारोह अध्यक्ष प्रतीक्षा शर्मा, युवा महिला संगठन अध्यक्ष बरखा शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील दुबे-रुपेश तिवारी आदि शामिल है।

सोना-चांदी के ऊंचे दाम से अच्छे व्यापार की उम्मीद कम

उज्जैन।

आज यानी बुधवार को अक्षय तृतीया आ रही है और इसके लिए उज्जैन के सराफा और अन्य बाजार पूरी तरह तैयार है। इस पर्व पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है, लेकिन महंगाई के कारण कारोबारियों को पिछले वर्ष के मुकाबले कम व्यापार होने की आशंका है। सराफा बाजार में एक दिन पहले सोने के भाव 97 हजार से ऊपर थे। वहीं दूसरी और कपड़ा, बर्तन, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्निचर के कारोबारियों को अच्छे व्यवसाय की आस है।

आज अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाएगा। इसको लेकर सराफा बाजार में तैयारी पूरी कर ली गई है। पर्व पर सोना खरीदना सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। इसे देखते हुए बाजार में पर्व के लिए आभूषण और अन्य सोने-चांदी के जेवर और मूर्तियां आदि उपलब्ध हैं। सोने-चांदी पर महंगाई को देखते हुए सराफा कारोबारियों को बाजार मंदा रहने का भी डर सता रहा है। अक्षय तृतीया पर सोने से बनी चीजों को खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है पर्व पर सोना खरीदने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। इसके अलावा शुभ कार्य भी अक्षय तृतीया पर कराए जाते हैं। सराफा व्यवसायी संजय सोनी ने बताया कि वर्तमान में सोने और चांदी के भाव ऊंचे हैं। इसके साथ ही भारत-पाकिस्तान युध्द की बढ़ती संभावना के बीच भाव और ऊपर जा सकते हैं। ऐसे में सराफा बाजार में पिछले साल के मुकाबले अक्षय तृतीया पर इस बार करीब 20 से 25 प्रतिशत कारोबार की उम्मीद है। इसमें भी वही लोग सोना और चांदी की अक्षय तृतीया पर खरीदी करेंगे जिनके यहां शादियां हैं। ऐसे कई ग्राहक आभूषण के बजट में कटौती कर रहे हैं। त्योहार पर खरीदारी को स्थिति साफ नहीं है। महंगाई के चलते इस बार सोने और चांदी की कम बिक्री होने का अंदेशा है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले सोमवार को उज्जैन सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने के भाव 97 हजार 500 रूपए प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 98 हजार 300 रूपए प्रतिकिलो थे।

अन्य बाजारों में अच्छी बिक्री का अनुमान: आज अक्षय तृतीया पर अबुझ मुहूर्त में विवाह संपन्न होंगे। उज्जैन में भी आज सैंकड़ों विवाह समारोह आयोजित होंगे। इसे देखते हुए कपड़ा, बर्तन, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्निचर के कारोबारी अच्छे व्यवसाय की उम्मीद जता रहे हैं। अक्षय तृतीया पर विवाह के लिए शहर के करीब-करीब सभी मैरिज गार्डन और होटलें आदि बुक है। इसके अलावा बैंड-बाजे , डीजे और घोड़ी की भी कई महीनों पहले से एडवांस बुकिंग बताई जा रही है।

कलेक्टर ने वन व्यवस्थापन और वन ग्रामों के संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के दिए निर्देश

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में वन व्यवस्थापन एवं वन ग्रामों के संपरितर्वन के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने वन व्यवस्थापन एवं संपरिवर्तन की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए वन मंडल अधिकारी, सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को कार्यवाही को गति देने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि शासन के नियमों के अनुरूप सभी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी समय समय पर बैठक और समन्वय कर वन व्यवस्थापन और संपरिवर्तन गतिरोध को दूर करें। उन्होंने कहा कि धारा 5 से धारा 19 तक की समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त धारा 20 के तहत प्रारूप अधिसूचना एवं वन व्यवस्थापन का अंतिम प्रतिवेदन तैयार कर भेजा जाना है। यह कार्यवाही जल्द पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि धारा 20 की प्रारूप अधिसूचना मे नये एवं पुराने खसरा नंबर तथा उनको राजस्व अभिलेखो मे नोईयत या मद जैसे छोटा झाड़, बडा झाड़ का जंगल, पहाड, चट्टान, घास इत्यादि दर्ज की जायेगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने वन व्यवस्थापन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी वन को शासन के सभी प्रावधानों का गहन अध्ययन कर संयुक्त रूप से वन व्यवस्थापन संबंधी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वन ग्राम से राजस्व ग्रामों मे संपरिवर्तन के लिए मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आम सूचना जारी की जायेगी। उप खण्ड स्तरीय समिति लैंड यूस मैप तैयार करायेगी। जिसमें कृषि भूमि का रकबा, बसाहट की भूमि, श्मशान स्थल, वन, जल संरचनाएं, चरनोई चारागाह की भूमि, सामुदायिक परिसंपत्ति जैसे स्कूल, धार्मिक स्थल, खेल मैदान, स्वास्थ्य एवं अन्य सामुदायिक उपयोग के भवन, सामुदायिक संसाधन आदि होंगे। बैठक में डीएफओ मगन सिंह डाबर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित राजस्व एवं वन विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन की चल रही हैं तैयारियां

बरेली।

हिंगलाज नगरी में 5 मई को सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रतिवर्ष की भांति आयोजित किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष के साथ समस्त पदाधिकारी प्रत्येक ग्राम में जाकर इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का निमंत्रण दे रहे हैं। साथ ही स्वेच्छा से इस जन सेवा के कार्य में सहयोग करता है।

समिति के द्वारा लगभग 20 वर्ष से वैदिक विधि अनुसार विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान में कई जोड़ो के परिवारों ने सहमति प्रदान कर इस सम्मेलन में अपने बच्चे बच्चियों की शादी करेंगे। समिति के द्वारा वर पक्ष एवं वधु पक्ष से 11 हजार रूपये का शुल्क इस जन सेवा कार्य लिया जा रहा है। वर-वधु पक्ष के परिवार मेहमानों के भोजन प्रसादी की व्यवस्था समिति द्वारा कराई जाती है। समिति के अध्यक्ष मनोहर पटेल पनारी ने बताया कि समिति के सभी सदस्य निरंतर सहयोग कर रहे हैं। हम सभी मिलकर प्रत्येक ग्राम में

पहुंचकर प्रत्येक परिवार में पहुंचकर इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का निमंत्रण दे रहे हैं। समिति के द्वारा यह 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन है। समाज के लिए अच्छी बात है कि इस समिति के सरंक्षकों के द्वारा यह विवाह सम्मेलन की शुरूआत की थी जो कि निरंतर चल रही है। हम सभी निरंतर प्रयास कर रहे हैं कि बाहर से पधारे हुए सभी अतिथियों आत्मीयता के साथ स्वागत सम्मान भी किया जायेगा। समिति के सचिव राजेश सिंह ठाकुर शिक्षक हरसिली ने बताया कि अभी तक 21 जोड़ों की स्वीकृति मिल चुकी है, और भी कई जोड़े इसमें शामिल होंगे ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है।

उपाध्यक्ष पलकाश्री शिक्षक राकेश सिंह ठाकुर ने बताया कि लगभग 20 वर्षो से यह सामूहिक विवाह सम्मेलन निरंतर चल रहे हैं। यह प्रक्रिया हमारे क्षेत्र के वरिष्ठ लोगों के प्रयास एवं उनके मार्गदर्शन में निरंतर चली आ रही है। हम सभी सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए आमंत्रण निमंत्रण देने के लिए ग्राम ग्राम जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि सभी सामाजिक बंधु अवश्य पधारें और इस सेवा भावी जन कार्य में अपना आशीर्वाद प्रदान करें। यह सब कार्य समाज के जन सहयोग से एवं समाज के वरिष्ठों के आशीर्वाद के द्वारा ही संभव हो पाता है। समिति के द्वारा लगभग सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। उम्मीद है कई जोड़े और भी जुड़कर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

पाक को सबक दो ऐसा कि चुपचाप रहे चीन

सीहोर।

आंतकवादियों को सरंक्षण देने वाले पाकिस्तान को भारतीय सेना ऐसा सबक सिखाए की चीन भी हमेशा चुपचाप रहे। बलिदानी हिंदुस्तानियों को नमन कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर युवा संगठन सार्वदेशिक आर्य वीर दल ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

आर्यवीर दन ने आंतकवादियों द्वारा 28 निर्दोष हिंदु पर्यटकों की बर्ब्रर हत्या की घोर निंदा करते हुए कहा कि धर्म पूछकर मात्र हिंदु होने पर आंतकियों द्वारा की गई यह जघन्य हत्याऐं क्षमा करने योग्य नहीं है। मानवता के इतिहास में यह एक काला अध्याय है। सार्वदेशिक आर्य वीर दल दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ा है। भारत सरकार से प्रार्थना है कि आंतकवादियों और उनके संरक्षण कर्ता पाकिस्तान के विरूद्ध ऐसी कड़ी कार्यवाही की जाए की भविष्य में कभी कोई देश भारत पर आंख उठाने की कोशिश नहीं करें। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते समय विजय राठौर, अंकित राठौर, संदीप राठौर,अनिरुद्ध आर्य अभिषेक आर्य, सेजू बाई मालवीय, रामप्रकाश जाट, दिनेश पुष्पद, मोनू प्रजापति, कुणाल राठौर,हेमंत कुशवाहा, गजेंद्र राठौर, वीरेंद्र सिंह अहिरवार, जितेंद्र सोनी, विजय आर्य आदि शामिल रहे।

फिर 42 डिग्री पर आया दिन का पारा, रात का तापमान भी 24 घंटे में 4 डिग्री से ज्यादा उछला

उज्जैन।

शहर के तापमान में एक बार फिर बढ़ोतरी का दौर शुरू हो चुका है। सोमवार को एक बार फिर तापमान 42 डिग्री पर आ गया। दिन में बादल छाने से धूप की लुकाछुपी चलती रही। इस दौरान गर्मी ने परेशान भी किया। दिन के बाद रात के तापमान में भी पिछले 24 घंटे में 4 डिग्री से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर मौसम केंद्र ने कल से अगले पांच दिनों के पूर्वानुमान में उज्जैन सहित आसपास के क्षेत्रों में 30 अप्रैल से 1 मई के बीच लू चलने की चेतावनी जारी की है।

वेधशाला से मिली जानकारी के अनुसार कल से अगले तीन दिनों तक शहर में दिन के वक्त में गर्म हवाओं के साथ लू की स्थिति बन सकती है। वहीं विशेषज्ञों की माने तो ऐसी स्थिति नजर नहीं आ रही है। तापमान में जरुर बढ़ोतरी होगी और इसके 44 डिग्री से ऊपर जाने की संभावना है। इस दौरान गर्मी बढ़ेगी, लेकिन लू की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नियमानुसार लू तब मानी जाती है जब दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री या इससे अधिक हो और इन दिनों में उज्जैन का सामान्य तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है, इस तरह लू की स्थिति बनने के लिए अधिकतम तापमान को 44.5 डिग्री या इससे ज्यादा होना जरुरी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों से मौसम का मिजाज भी करवट ले रहा था, कभी तेज धूप सता रही थी तो कभी आसमान में बादल भी छाए रहे। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था। वहीं रात का तापमान 22.8 डिग्री दर्ज हुआ था, जो 24 घंटे में करीब 4 डिग्री उछलकर मंगलवार सुबह 27 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था। कल रात लोगों को गर्मी और उमस ने बैचेन किया।

वीयू- कुलपति ने ली समीक्षा बैठक

जबलपुर।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी द्वारा आज 29 अप्रैल को विश्वविद्यालय सभागार में विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ हाइब्रिड मोड पर एक बैठक ली जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय के अधीनस्थ समस्त वेटरनरी कॉलेज, फिशरी कॉलेज तथा डिप्लोमा कॉलेज में किए गए गत शैक्षणिक वर्ष व वित्तीय वर्ष के कार्यों की समीक्षा तथा वर्तमान सत्र में किए जाने वाले शैक्षणिक, अनुसंधान व विस्तार संबंधी साथ ही छात्र छात्राओं की हॉस्टल सुविधा, सभी महाविद्यालयों में संचालित एवं किए जाने वाले कार्यों की जानकारी तथा समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

उक्त बैठक में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर से तोमर वित्त नियंत्रक श्री महेश कोरी ,डॉ जीपी लखानी अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉक्टर आरके शर्मा, डॉ सुनील नायक अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉक्टर शशिकांत महाजन, अधिष्ठाता महू डॉ बीपी शुक्ला एवं अधिष्ठाता रीवा डॉ सिंह ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे साथ ही डॉ आर वी सिंह ,डॉ कारमोरे, डॉ बी राय, डॉ एस घोष, डॉ अक्षय गर्ग, डॉ पूनम शाक्य डॉ रामकिंकर मिश्रा एवं डॉ सोना दुबे उपस्थिति रही।

जाहिर सूचना

भूमि स्थित ग्राम अमरथोन, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. के संबंध में

मै अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सुचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्थित ग्राम अमरथोन, पटवारी हल्का नम्बर-45, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन की विक्रेतागण शक्कर बाई पुत्री आलम, विध्याबाई पुत्री आलम, संतोष पिता छोटेराम, दुर्गा पिता छोटेराम, सविता पुत्री लालाराम, गोराबाई पत्नी लालाराम, कविता पिता छोटेराम, कालूराम पुत्र आलम, पूजा पिता छोटेराम, जाति गौड, निवासीगण ग्राम मुरहारी, गौहरगंज, रायसेन म.प्र. के स्वत्व एंव आधिपत्य की भूमि खसरा नम्बर-266/1, रकवा 2.023 हेक्टेयर अर्थात 5.00 एकड एंव विक्रेता- फूल सिंह पुत्र मोहनलाल, जाति दरोई, निवासी ग्राम मुरहारी, गौहरगंज, रायसेन म.प्र. के स्वत्व एंव आधिपत्य की भूमि खसरा नम्बर 268/1/2/3, रकबा 0.809 हेक्टेयर अर्थात 2.00 एकड, इस प्रकार कुल 2 कितां, कुल रकबा 2.832 हेक्टेयर अर्थात 7.00 एकड भूमि जिसको मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय करने की आपसी सहमति विक्रेतागण से हो गयी है। यह कि उक्त सबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाऊसिगं फायनेंस संस्था, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार आपत्ति हो या उक्त वर्णित कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

शिवम राजपूत, अधिवक्ता
कार्यालय- होटल जे. पी. पैलेस के पास गौहरगंज रोड, आबेदुल्लागंज
मो.न.:- 9755157923, 9893879224

AG

जनसुनवाई में कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण

रायसेन।

कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रति मंगलवार की भांति आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक शीघ्र निराकरण करें। आवेदक को अपनी

समस्या के समाधान हेतु बार-बार जनसुनवाई में ना आना पड़े। जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन पीएम आवास, अतिक्रमण, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, आर्थिक सहायता, विद्युत सहित योजनाओं के लाभ से संबंधित थे। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में शामिल हुए।

एफ.सं.2/1/2021-आरई

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय

आर्थिक मामलों का विभाग, वित्तीय बाजार प्रभाग

नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली 110001

30 अप्रैल 2025

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में पूर्णकालिक सदस्य के पद को भरना

भारत सरकार भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), मुंबई में पूर्णकालिक सदस्य के एक पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है। नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम पाँच वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, के लिए की जाएगी। पूर्णकालिक सदस्य के पास (ए) भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव को स्वीकार्य वेतन प्राप्त करने का विकल्प होगा; या (बी) प्रति माह 5,00,000/- (केवल पाँच लाख रुपये) का समेकित वेतन (घर और कार के बिना)। पद का विवरण और पात्रता की शर्तें मंत्रालय की वेबसाइट https://www.dea.gov.in/vacancy-deputation-department-economic-affairs आर्थिक मामलों के विभाग पर देखी जा सकती हैं। योग्य उम्मीदवारों के आवेदन निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों के साथ उचित माध्यम (जहां भी लागू हो) के माध्यम से इस प्रकार भेजे जाएं कि वे 28 मई, 2025 (बुधवार) तक या उससे पहले आर्थिक मामलों के विभाग, वित्त मंत्रालय, कमरा नंबर 71-बी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001 में हस्ताक्षरकर्ता के पास पहुंच जाएं। आवेदन shekhar.80@gov.in और kuldeep.bhardwaj@nic.in पर भी ईमेल किए जा सकते हैं। अधूरे आवेदन और अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

निदेशक (आरई)
टेलीफोन: 2309 5009

सीबीसी 15201/11/0004/2526

न्यायालय तहसीलदार तहसील गौहरगंज जिला रायसेन

प्रकरण क्रमांक 0012/अ-16/2024-25
प्रकरण क्रमांक 0008/अ-16/2024-25

(इश्तहार)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला रायसेन के पत्र कमांक 446/आर.एम./आर.आर.सी/2025 दिनांक 14/01/2025 द्वारा माननीय रेरा द्वारा जारी आरआरसी क्रमांक M-OTH-18-1162 की वसूली की राशि रू8,59,326/- (आठ लाख उनसठ हजार, तीन सौ छब्बीस रूपये) बकाया राशि पर रेरा आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित 125/- एवं इस कार्यालय के एक अन्य प्रकरण क्रमांक 0008/अ-16/2024-25 में कार्यालय कलेक्टर जिला रायसेन के पत्र कमांक 447/आर.एम./आर.आर.सी/2025 दिनांक 14/01/2025 द्वारा माननीय रेरा द्वारा जारी आरआरसी क्रमांक M-OTH-18-1161 की वसूली की राशि रु. 8,59,326/- (आठ लाख उन्सठ हजार, तीन सौ छब्बीस रूपये) बकाया राशि पर रेरा आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित 25/- इस प्रकार कुल राशि 17,18,652/- (सत्रह लाखा अठारह हजार छः सौ बावन रूपये) एवं बकाया राशि पर रेरा आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित 150/- को अनावेदक मेसर्स अल्टिडो बिल्डकॉन द्वारा श्री सिद्धार्थ सिन्हा आ. कुलदीप सिन्हा ई-4/339, अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र. की ग्राम भोजपुर स्थित खसरा क्रमांक 88/1/1/2 रकवा 0.405 हैक्टेयर कृषि भूमि की कुर्क कर नीलामी की कार्यवाही कर रेरा वसूली की राशि का भुगतान आवेदक श्री पुनीत खरे मकान नं बी-9, साई गार्डन परिसर, कालीबाड़ी रोड, अवधपुरी भोपाल म.प्र. एवं श्रीमती वैशाली खरे, मकान नं बी-9, साई गार्डन परिसर, कालीबाड़ी रोड, अवधपुरी भोपाल म.प्र. को किया जाना है। अनावेदक मेसर्स अल्टिडो बिल्डकॉन, द्वारा श्री सिद्धार्थ सिन्हा आ. कुलदीप सिन्हा ई-4/339 अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र. की ग्राम भोजपुर स्थित खसरा क्रमांक 88/1/1/2 रकवा 0.405 हैक्टेयर कृषि भूमि का बाजार मूल्य 68.95.920/ रूपये (अढसठ लाख पंचावे हजार, नौ सौ बीस रूपये) में या उससे अधिक में नीलाम किया जाना है। एतद्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक से पूर्व उपरोक्त संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता है तो उक्त नीलामी की कार्यवाही न्यायालय तहसीलदार तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म0प्र0 मे दिनांक 8 मई 2025 को समय दोपहर 1.00 बजे खुली बोली के आधार पर की जावेगी। जिसके मूल्य की जानकारी निम्नानुसार है-क्र 1, खाता का विवरण ग्राम भोजपुर स्थित खसरा क्रमांक 88/1/1/2, क्षेत्रफल रकवा 0.405 हैक्टेयर,भूमि का बाजार मूल्य वर्ष 2024-25 के अनुसार नीलाम राशि का 68.95.920/ रूपये (अढसठ लाख पंचावे हजार नौ सौ बीस रूपये, वसूली हेतु राशि राशि रू17,18,652/- (सत्रह लाख अट्ठारह हजार छः सौ बावन रूपये) एवं बकाया राशि पर रेरा आदेश दिनांक से संलग्न ब्याज गणना पात्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित रू50/-यदि नीलामी की कार्यवाही किसी कारणवस निर्धारित दिनांक 8 मई 2025 को सम्पन्न नहीं की जा सकेगी तो अगले कार्य दिवस में नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 24 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

तहसीलदार, तहसील गौहरगंज जिला रायसेन